**घटना** फायर अमले ने पाया आग पर काबू , टला बड़ा हादसा

# जबलपुर अस्पताल के जनरेटर कक्ष में भड़की आग



**नवभारत,जबलपुर।** रविवार सुबह शहर के बीचों-बीच स्थित जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां के जयरेटर कक्ष में अचानक आग भड़क उठी। आग लगने की खबर अस्पताल में तेजी से फैल गई और वहां भर्ती मरीज के परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आग लगने की सूचना अस्पताल प्रबंधन द्वारा तत्काल फायर अमले को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायम अमले ने आग पर तुरंत काबू पाया। जब अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों को पता चला कि आग पर काबू पा लिया गया है तो उन सभी ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि आग पर समय पर काबू नहीं पाया जाता तो रविवार को शहर में एक बड़ी दुर्घटना घटित हो जाती। आग लगने की वजह जनरेटर ओवर हीट होना सामने आ रही है।

इस संबंध में फायर अमले ने नवभारत को बताया कि सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची टीम ने सबसे पहले जनरेटर की मशीनों को बंद कराया और फिर आग बुझाने का काम शुरू किया। जानकारी के अनुसार बिजली गोल होने के बाद जबलपुर अस्पताल में जनरेटर चालू किए गए थे जिससे बिजली आपूर्ति बाधित न हो लेकिन उसमें लोड अधिक पड़ा और फिर धुआं निकलने के साथ आग लगी।

## ढाई तोला सोने का हार समेत जेवर नगदी ले गए चोर

**जबलपुर।** खितौला थाना अंतर्गत पालीवाल कॉलोनी में चोर ढाई तोला सोने का हार समेत जेवर नगदी अन्य सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने बताया कि राजदीप दुबे 20 वर्ष निवासी पालीवाल कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पढ़ाई करता है 16 अगस्त को वह एवं उसकी मां संगीता दुबे, छोटा भाई ऋषिराज अपने घर पर थे लगभग 4 बजे मां घर के पीछे सुरेश यादव के यहां भजन में चली गयी थीं वह गेहूं पिसाने चला गया था शाम लगभग 5 बजे गेहू पिसाकर वापस आया घर के दरवाजे का ताला टूटा था दरवाजे खुले थे अंदर जाकर देखा आलमारी का दरवजा खुला था लाकर में चाबी लगी थी लाकर खुला था उसने छोटे भाई से सुरेश यादव के घर से मां को बुलवाया मां ने देखकर बताया कि सोने का लगभग ढाई तोला हार, 4 चूड़ी वजनी डेढ़ तोला, 2 पासबुक, नगदी 30 हजार रूपये गायब थे, कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने के जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है।

# पीपल का पेड़ गिरने से हुआ भूकंप का अहसास



**100 साल पुराना पेड़ जैन मंदिर पर गिरा**
**कई दोपहिया, चार पहिया वाहन हुए क्षतिग्रस्त**

**नवभारत,जबलपुर।** नेपियर टाउन के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब जोरदार आवाज के साथ करीब करीब 100 साल पुराना पीपल का वृक्ष जैन मंदिर की दीवार, पोर्च , बिजली के तार तोड़ते हुए जमीन पर गिर गया। जहां पेड़ गिरा उसके आसपास मौजूद लोगों को कुछ देर के लिए लगा कि शहर में भूकंप आ गया है, क्योंकि इतनी जोरदार आवाज थी कि लोग चौंक गए। हादसे में करीब 5 चार कारें और 8 दोपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं क्योंकि ये पेड़ के नीचे ही खड़े किए गए थे। पेड़ व बिजली के तार गिरने की सूचना फिर लोगों द्वारा नगर निगम व एमपीईबी विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अमले ने पेड़ को व्यवस्थित किनारे करवाया। नेपियर टाउन स्थित जैन मंदिर के मयूर सिंघवी व निगम के अमले ने नवभारत को बताया कि मंदिर में प्रवचन चल रहे थे तभी पीपल का विशालकाय पेड़ धराशायी होकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि मंदिर की पार्किंग में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था नहीं तो जनहानि की दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

### जड़े हो चुकीं थी कमजोर

नेपियर टाउन के रहवासियों ने बताया कि पीपल का पेड़ करीब 100 साल पुराना था जिसकी जड़ें कमजोर हो चुकीं थीं। संभवत: इसी कारण अचानक पेड़ गिरा है। हादसे की जद में आए वाहनों में करीब 15 लाख रुपए की क्षति बताई जा रही है।

# चैन की नींद सोने नहीं दे रहा खेत में डेरा जमाए बैठा मगरमच्छ

▸ **वन विभाग की टीम पानी कम होने का कर रही इंतजार**



**नवभारत,जबलपुर।** कटंगी के पास स्थित ग्राम तमोरिया में इन दिनों मगरमच्छ की दहशत व्याप्त हो चुकी है। आलम ये है कि यहां के रहवासी बीते 15 दिनों से चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। वजह मगरमच्छ का खेत में रहना....पाटन के ग्राम तमोरिया में पिछले एक पखवाड़े से खेतों के बीच मगरमच्छ देखा जा रहा है। अक्सर मगरमच्छ खेतों के मेड़ में कभी धूप सेंकते दिख रहा है तो कभी खेत में चहलकदमी करते देखा जा रहा है। ग्रामीणों को डर है क्योंकि उनके घर उस खेत से सटे हुए हैं जहां मगरमच्छ से डेरा जमाया हुआ है। अब ऐसे में उन्हें अपने बच्चों को संभालकर रखना पड़ रहा है। उधर वन विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि खेत में पानी अधिक भरा है इसलिए रेस्क्यू नहीं हो पा रहा है। खेत से पानी कम होने के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया जाएगा।

### दहशत में कट रहीं रातें

कटंगी के ग्राम तमोरिया के किसानों ने नवभारत को बताया कि मगरमच्छ वहां के एक खेत में डेरा जमाए हुए पिछले 15 दिनों से बैठा हुआ है। जिसके बाद अब लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। वन विभाग को इस संबंध में सूचना देकर रेस्क्यू करने की मांग की जा चुकी है लेकिन उनके द्वारा ये कहा जा रहा है कि खेत में पानी कम होने के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया जाएगा।

**इनका कहना है**

कटंगी के तमोरिया गांव के खेत में एक मगरमच्छ देखे जाने की सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई थी। खेत में वहां के किसानों की धान की फसल लगी हुई है जहां पानी बहुत अधिक है। खेत से पानी निकालने के लिए सरपंच को कहा गया है। जैसे ही खेत का पानी कम होता है वैसे ही मगरमच्छ का रेस्क्यू कर दिया जाएगा।

**विशाखा तिनखेड़े**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी, पाटन**

**डकैतों समेत अन्य की तलाश में छापेमारी, 1.83 लाख कट्टा, कारतूस, बाईकें अन्य सामान जब्त**

# मास्टरमाइंड समेत चार सलाखों के पीछे, डकैत झारखंड ले गए 14 करोड़ का गोल्ड



**जबलपुर।** खितौला स्थित इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक में 11 अगस्त को डकैती डालकर 14 किलो 875 ग्राम सोना और 5, लाख 8 हजार रूपए लूटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार लिया जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया हैं। हालांकि जिन्होंने डकैती डाली वह फिलहाल पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। डकैत झारखंड से बुलाये गए थे जो नगदी आपस में बांटने के बाद लगभग 14 करोड़ का गोल्ड अपने साथ झारखंड ले गए हैं। पुलिस अब उनकी तलाश में वहां छापेमारी करने पहुंची हैं पुलिस का दावा है कि जल्द ही उन्हें भी दबोच लिया जायेगा। इसके अलावा मास्टरमाइंड के एक साथ बब्लू को भी तलाश कर रही हैं। एएसपी सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक डकैती मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों, सीसीटीव्ही फुटेज और तकनीकी साक्ष्य के जरिए पता चला कि इन्द्राना में एक किराये का मकान लेकर इन आरोपियों के द्वारा वारदात की है। जिसके बाद रहीस लोधी, सोनू बर्मन, हेमराज, और विकास चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 1 लाख 83 हजार रूपए नगद ,एक कट्टा ,चार कारतूस दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल व अन्य सामग्रियां जप्त की गई है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की गई। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें झारखंड समेत अन्य ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही शेष आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाकर प्रकरण का पटाक्षेप किया जाएगा।

**रहीस ने बब्लू के साथ बनाया प्लान**

इस डकैती में मुख्य किरदार रहीस लोधी का हैं जिसने अपने साथी बब्लू के साथ डकैती डलवाने की योजना बनाई थी बल्कि झारखंड के डकैतों को वारदात करवाने के लिए हायर किया था। जिसके बाद पूरी प्लानिंग के बाद डकैती डाली गई।

**सोनू ने दिलाया कमरा,व्यवस्था कराई**

सोनू बर्मन ने जबलपुर पहुंचे डकैतों को पाटन इंद्राना में आरोपियों को किराए से कमरा दिलाया था यहां उनके लिए सारी व्यवस्थाएं कराई थी। यहां दस दिन तक आरोपित रूके हुए थे इसी मकान में रहते हुए उन्होंने रैकी थी। बाद में जरूर पुलिस ने किराए के मकान में सर्चिंग के दौान हथियार, बैग अन्य सामान जब्त किया था।

**हेमराज ने गलियां-बैंक घुमाया, रैकी करवाई**

रहीस के कहने पर हेमराज ने डकैतों को खितौला से लेकर पाटन तक की गलियां और बैंक घुमाया यहां तक की हेमराज ने आरोपियों की जाली आईडी भी बनवाई। डकैती डालने की पूरी रैकी के बाद वारदात को अंजाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

**विकास ले गया दमोह, ट्रेन में बैठाया**

सूत्रों के मुताबिक डकैती डालने के बाद किराए के मकान में पुन: आरोपी पहुंचे थे चौबीस घंटे रूके थे। पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखें थे जबकि पूरे जिले में नाकेबंदी थी। दूसरे दिन डकैत किराए के मकान भाग गए। विकास डकैतों को दमोह तक ले गया था जहां झारखंड जाने वाली ट्रेन में डकैतों को बैठाया था। इस बीच उसने आरोपियोंके लिए भोजन व अन्य व्यवस्था की थी।

**डकैती में माहिर है आरोपी**

झारखंड के आरोपी डकैती डालने में माहिर हैं। वह पहले जहां वारदात को अंजाम देना होता है उसके आसपास अपना ठिकाना बनाते हैं इसके बाद वहां कुछ दिन रहते हुए रैकी करते है इसके बाद हथियारों से लैस होकर बंधक बनाकर डकैती डालते है। इसके बाद नगदी आपस में बांट लेते हैं और गोल्ड गलाकर खपाते हैं।

**गोल्ड गला बिस्कट बना खपाते है**

गोल्ड गैंग झारखंड ले गई है। गैंग गोल्ड को गलाकर बिस्कट बनाकर खापाती है। नगदी तो गैंग ने आपस में बांट ली थी लेकिन गोल्ड को नहीं बांटा था। डकैत इसे खपाने के लिए झारखंड ले गए जहां वह खपाने की तैयारी में है।

## कुएं में उतराती मिली नेत्रहीन महिला की लाश

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत घुन्सौर में खेत के पास बने कुएं में नेत्रहीन महिला की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में उतराती मिली। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक कुन्नुलाल चौधरी 65 वर्ष निवासी घुन्सौर ने सूचना दी कि रविवार सुबह लगभग 11 बजे वह अपने परिवार के सदस्यों एवं मजदूरों के साथ अपने खेत में धनिया उखाड़ने गये थे घर में मा शांति बाई चौधरी 98 वर्ष घर में अकेली थीं मां को आखों में दिखाई नहीं देता था दोपहर लगभग 1-30 बजे घर आकर देखा मां नहीं थीं घर के पास खेत में बने कुआं में झांककर देखा तो मां शातिबांई पानी में उतराती दिखीं परिवार एवं मजदूरों की मद्द से मां को कुआ के पानी से बाहर निकाला मां की मौत हो चुकी थी।

## मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

▸ **बिजली के खुले तार की चपेट में आए युवक की मौत का मामला**

**नवभारत,जबलपुर।** बिजली के खुले तार की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण की सुनवाई करते हुये आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार टंडन की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारों के उल्लंघन का मामला माना और जबलपुर कलेक्टर एवं मप्र.पू.क्षे.वि.वि.कम्पनी के एमडी से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। विदित हो कि कुछ दिनों पहले माढ़ोताल थानान्तर्गत ग्राम लमती में सड़क पर लटके 440 वोल्ट के चालू तार की चपेट में आने से कटंगी निवासी 20 वर्षीय सौरभ ठाकुर की मृत्यु हो गई थी।

जिसके बाद मृतक के परिजनों ने आक्रोशित होकर क्षेत्रीयजनों के साथ चुंगीनाका में प्रदर्शन कर विद्युत विभाग को दोषी ठहराते हुये कार्यवाही की मांग की थी।











# बिना बिल ट्रक से परिवहन हो रहा था तम्बाकू-पान मसाला

**सीजीएसटी जबलपुर की छापेमारी में पकड़ाई खेप**

**जबलपुर।** बिना बिल के पान मसाला, तम्बाकू एवं अन्य सामान ट्रक के जरिए परिवहन ले जाया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही सीजीएसटी जबलपुर ने पन्ना मोड़, कटनी में छापेमारी करते हुए ट्रक को खेप के साथ पकड़ा।

जानकारी के मुताबिक लोकेश कुमार लिल्हारे, आयुक्त, सीजीएसटी के मार्गदर्शन में सीजीएसटी आयुक्तालय जबलपुर की टीम ने विशेष खुफिया सूचना के आधार पर पन्ना मोड़, कटनी पर आर.जे.11 जीसी 8408 वाले ट्रक को रोका। प्रारंभिक सूचना थी कि उक्त ट्रक में बिना किसी बिल एवं ई-वे बिल के माल परिवहन किया जा रहा है। दस्तावेजों एवं माल की जांच में गड़बड़झाला उजागर हुआ। जिसके बाद जीएसटी टीम ने ट्रक को जब्त करते हुए सीजीएसटी मुख्यालय, जबलपुर के प्रांगण में खड़ा किया गया। इसके बाद माल का संपूर्ण सत्यापन किया गया, जिसमें यह पाया गया कि ट्रक में पान मसाला, तम्बाकू उत्पाद एवं अन्य परचून सामग्री बिना किसी वैध दस्तावेज़ के परिवहन की जा रही थी। सीजीएसटी जबलपुर टीम की यह कार्रवाई कर चोरी रोकने एवं वैध व्यापार की रक्षा के प्रति उनके दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। प्रकरण की आगे जाँच जारी है।





















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57